web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 07 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 310

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्दनाक : गंगा नदी में नाव पर खाना बनाते समय फटा एलपीजी सिलेंडर, 5 मजदूर जिंदा जले

**पटना (आरएनएस)।** पटना के मनेर इलाके में गंगा नदी के बीच में एक मोटरबोट में एलपीजी सिलेंडर फटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। विस्फोट सिलेंडर से एलपीजी के रिसाव के कारण हुआ, जब उसका एक नाविक मोटरबोट पर खाना बना रहा था। इस हादसे में नाव पर मौजूद मजदूर जिंदा जल गए। नाव पर जले शवों की बहुत ही भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। अब तक चार मृतकों की पहचान का दावा किया जा रहा है। इनमें से तीन स्थानीय हैं, जबकि एक झारखंड का रहने वाला है। लेकिन मोटरबोट नदी में डूबने से बच गई। अन्य नाविकों ने उसे मनेर में गंगा नदी के तट पर लाने में कामयाबी हासिल की। घायलों को मनेर के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोटरबोटों का उपयोग आमतौर पर रेत के परिवहन के लिए किया जाता है। इस क्षेत्र में अधिकांश नाव रेत माफिया द्वारा चलाई जाती हैं।

### केरल में मुन्नार के पास भूस्खलन

**इडुक्की (आरएनएस)।** केरल में इडुक्की जिले में मुन्नार के निकट कुंडला पुथुक्कुडी में शनिवार की सुबह मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन होने से दो दुकानों और एक मंदिर पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के बाद करीब 142 परिवारों को देवीकुलम पंचायत के राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया। मलबे में दो ऑटो रिक्शा के फंस जाने से सडक़ों पर यातायात अवरूद्ध हो गया है। पिछले वर्ष अगस्त में मुन्नार के पास पेटीमुडी में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से करीब 55 लोग मारे गये थे।

### काबुल के शिया बहुल इलाके में बम विस्फोट, 8 लोगों की मौत

**काबुल ।** पश्चिमी काबुल के शिया बहुल इलाके में हुए एक विस्फोट में कम से कम आठ नागरिक मारे गए हैं। तालिबान अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एक गाड़ी के अंदर रखे विस्फोटक उपकरणों में विस्फोट होने से 18 अन्य लोग घायल हो गए। जादरान ने कहा कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। यह हमला तब हुआ, जब देश में एक धार्मिक अल्पसंख्यक शिया मुसलमान, आशूरा की तैयारी कर रहे थे, जो पैगंबर मुहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है। इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि उन्होंने शिया मुसलमानों की एक सभा को निशाना बनाया था। पिछले साल अगस्त में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा किए जाने के बाद आईएस ने कई घातक हमले किए हैं, जिसमें मुख्य रूप से धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों को निशाना बनाया गया है।

### अमेरिका : मकान में लगी भीषण आग, जिंदा जल गए 3 बच्चों समेत 10 लोग

**नेस्कोपेक ।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया राज्य में एक मकान में आग लगने से 3 बच्चों समेत 10 लोग जिंदा जल गए। आग बुझाने के लिए आया एक स्वयंसेवी दमकलकर्मी उस समय हक्का बक्का रह गया जब उसे मालूम चला कि आग उसके रिश्तेदार के घर में लगी है और मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई तथा अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। पेनसिलवेनिया पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए 3 बच्चों की उम्र क्रमश: 5, 6 और 7 साल है। नेस्कोपेक वालंटियर फायर कंपनी के दमकलकर्मी हेरोल्ड बेकर ने फोन पर बताया कि 10 मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई, बहन तथा पांच अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। बेकर ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो पता दिया गया था वह पड़ोस के एक घर का था लेकिन घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उसे मालूम चला कि यह उसके रिश्तेदार का घर है। उसने बताया कि दो मंजिला मकान में 13 कुत्ते भी रहते थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनमें से कोई जीवित बचा या नहीं। नेस्कोपेक के इस मकान में शुक्रवार देर रात ढाई बजे के बाद आग लगी। आपातकर्ताओं के पहुंचने के तुरंत बाद एक व्यक्ति घर के अंदर मृत मिला। सुबह दो अन्य लोगों के शव मिले। राज्य की पुलिस और आपराधिक जांचकर्ता इस मामले की जांच कर रहे हैं।

# जगदीप धनखड़ बने नए उपराष्ट्रपति, 200 वोट भी नहीं पा सकीं विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ देश के नए उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी और विपक्ष के उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया। धनखड़ को 528 वोट मिले। इसमें से 15 वोट अमान्य रहे। जबकि मार्गरेट अल्वा को 182 वोट पड़े। धनखड़ ने विपक्ष के उम्मीदवार को 346 मतों के अंतर से हराया। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर उनके नाम का औपचारिक ऐलान किया। हालांकि एनडीए उम्मीदवार धनखड़ के जीत के कयास शुरुआत से ही लगाए जा रहे थे। शनिवार को संसद में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कुल 780 में से 725 सांसदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। टीएमसी के 34 सांसदों, एसपी और शिवसेना के दो और बीएसपी के एक सांसद ने वोटिंग से किनारा किया। शाम पांच बजे तक मतदान चला और एक घंटे बाद यानी 6 बजे से काउंटिंग शुरू हुई।



उपराष्ट्रपति पद की दौड़ भी पूरी हो चुकी है। एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ देश के अगले उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 346 मतों के अंतर से हराया। धनखड़ को 528 वोट मिले, अल्वा को 182 जबकि 15 वोट रद्द हुए। धनखड़ के उपराष्ट्रपति बनने पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने बधाई दी। उनके उपराष्ट्रपति बनने पर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जश्न मनाया गया। ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ता नाचते हुए नजर आए।

किन-किन सांसदों ने वोटिंग नहीं की

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कुल 55 सांसदों ने वोटिंग के अधिकार का प्रयोग नहीं किया। इनमें से टीएमसी के 34 सांसद शामिल थे। हालांकि टीएमसी के दो सांसदों ने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के आदेश के बावजूद वोटिंग में हिस्सा लिया। ये नाम शिशिर और दिव्येंदु अधिकारी के हैं। इसके अलावा एसपी और शिवसेना के दो और बीएसपी के एक सांसद ने भी वोटिंग नहीं की। भाजपा के दो सांसदों- सनी देओल और संजय धोत्रे ने भी स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए वोटिंग से किनारा किया।

पीपीई किट पहनकर वोट डालने पहुंचे सिंघवी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण पीपीई किट पहनकर संसद भवन पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पीएम मोदी ने डाला पहला वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले संसद भवन पहुंचकर वोट डाला। पीएम मोदी के अलावा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने व्हील चेयर पर पहुंचकर वोट डाला। सोनिया गांधी समेत कांग्रेस और सत्ताधारी पक्ष के कई सांसदों ने वोटिंग की।

कौन हैं जगदीप धनखड़

राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक सुदूर किठाना गांव में कृषि परिवार में जन्मे जगदीप धनखड़ का उपराष्ट्रपति तक का सफर बेहद दिलचस्प है। जगदीप धनखड़ साल 1989 में जनता दल पार्टी के सांसद के तौर पहली बार राजस्थान के झुंझुनू जिले से संसद पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री के तौर पर अपनी सेवाएं दी। 1993 में वे अजमेर जिले के किशनगढ़ से राजस्थान विधानसभा पहुंचे। साल 2019 में उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

## बारिश के बीच जंगल में फंसी तीन गर्भवती महिलाएं, एक ने बच्ची को दिया जन्म; सभी को किया गया रेस्क्यू

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** दक्षिणी राज्य केरल के कई इलाके भारी बारिश के चलते बाढ़ का सामना कर रहे हैं। बरसात के बीच जंगल में फंसी तीन गर्भवती महिलाओं को रेस्क्यू टीम से सुरक्षित बाहर निकाला है। ये महिलाएं जंगल के बीचोबीच भारी बारिश के चलते फंस गई थीं। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और पुलिस की मदद से उन्हें कॉलोनी तक पहुंचाया गया।

तीन में एक महिला ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने जंगल में ही बच्ची को जन्म दिया। मां और बेटी दोनों ही सुरक्षित हैं। अन्य दो महिलाएं 6 और 7 महीने की गर्भवती हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम ने तीनों को आश्वस्त किया और बाद में उन्हें चालकुडी तालुक अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

**स्वास्थ्य मंत्री ने रेस्क्यू टीम को दी बधाई-** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने गर्भवती महिलाओं को बचाने वाली टीम को बधाई दी है।



बता दें कि राज्य के दक्षिण जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शुक्रवार को लोगों को थोड़ी राहत मिली। हालांकि, मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के उत्तरी हिस्से के आठ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**इन जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट -** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल के इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कसारगोड जिलों के लिए भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, जल संसाधन मंत्री रोशी ऑगस्टाइन ने बताया है कि मुल्लापेरियार जलाशय के तीन द्वार आज खोले जाएंगे ताकि अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सके।

## लंपी पॉक्स के खिलाफ स्वदेशी वैक्सीन को मिली इमरजेंसी यूज की मंजूरी, पशु पालकों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में कोरोना की तरह एक और संक्रामक रोग तेजी से फैल रहा है। लंपी स्किन डिसीज नामक इस बीमारी से गाय और भैंसे बड़ी संख्या में बीमार हो रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर दुधारू पशुओं पर दिख रहा है। कई पशुओं की इस वायरस से मौत हो गई है। लेकिन अब जानवरों में लंपी पॉक्स बीमारी से लडऩे के लिए पहली स्वदेशी वैक्सीन तैयार हो गई है। इस वैक्सीन को अब इमरजेंसी यूज की मंजूरी भी मिल गई है, जोकि अगले हफ्ते तक उपलब्ध हो जाएगी।

हरियाणा के वैज्ञानिकों ने तैयार की वैक्सीन

हरियाणा के केन्द्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने लंपी वायरस के खिलाफ स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर ली है। उत्तराखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों में ट्रायल भी हो चुका है। जिसे अब कृषि मंत्रालय ने इमरजेंसी यूज की मंजूरी दे दी है। अगले सप्ताह तक वैक्सीन बाजार में आ जाएगी। वैक्सीन बीकानेर वेटरनरी यूनिवर्सिटी से पीजी करने वाले अलवर निवासी डॉ. नवीन की अगुवाई में हरियाणा में 51 सेंटरों पर तैयार हुई है।



जानकारी के मुताबिक एक साल पहले ही वैक्सीन पर 90प्रतिशत काम पूरा हो गया था लेकिन एप्रूवल प्रोसेस पूरा नहीं हुआ था। दावा है कि यह एक साल के लिए पशु को पूरी तरह सुरक्षित रखेगी। फिलहाल वैक्सीन का नाम अभी तय नहीं हुआ है। गौरतलब है कि 2019 में पहली बार लंपी पॉक्स वायरस मिला था। जिसके बाद इसके वैज्ञानिकों ने सैंपल लेकर जांच शुरू की थी।

## माशूका का बदला लेने बना सीरियल किलर, 3 महिलाओं का कत्ल

**0 5 और की थी प्लानिंग**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अपनी माशूका का बदला लेने के लिए वो सीरियल किलर बन गया और आठ महिलाओं को मारने की साजिश रच डाली। तीन महिलाओं का कत्ल कर चुका था। उन महिलाओं को मारकर उनके शवों को काटकर अलग-अलग जगह ठिकाने लगाते थे। पुलिस के अनुसार, चौथी महिला को मारने की तैयारी ही कर रहे थे तभी वे पकड़े गए। किलर ने अपने कूबलनामे में बताया कि ये महिलाएं उसकी प्रेमिका को देह व्यापार में धकेलने के लिए जिम्मेदार थे।

कर्नाटक में महिलाओं की हत्या करने सीरियल किलर की पहचान रामनगर जिले के कुदुर निवासी टी सिद्दलिंगप्पा के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चंद्रकला नाम की एक महिला, जिसके बारे में आरोपी ने अपनी प्रेमिका होने का दावा किया था, को भी हत्याओं में उसकी मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

**तीन का कत्ल, और पांच की प्लानिंग-** इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु और मैसूर में तीन महिलाओं की हत्या करने के बाद, आरोपी ने पांच और महिलाओं को मारने का लक्ष्य रखा था, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जब पुलिस ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार किया, तो वह एक और महिला की हत्या की तैयारी कर रहा था।

**नहर में सिर कटी लाश मिली, तब पता लगा-** मामले की जांच तब शुरू हुई जब पुलिस को 8 जून को मांड्या में एक पानी की नहर के पास दो महिलाओं के शरीर के कटे हुए अंग मिले। एक शव के बेट्टनहल्ली के पास बेबी लेक नहर में और दूसरा अरकेरे गांव के पास सीडीएस नहर में मिला था। हालांकि शव एक-दूसरे से 25 किमी दूर पाए गए थे, लेकिन उनके बीच एक समान संबंध था - दोनों शवों के केवल निचले हिस्से ही बरामद किए गए।

**किलर का कबूलनामा-** पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके कुछ साल पहले सेक्स वर्कर के तौर पर काम करने वाली चंद्रकला से उसके संबंध हो गए थे। मैसूरु के दक्षिणी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) प्रवीण मधुकर पवार ने कहा कि जैसे-जैसे वे करीब आते गए, उसने वेश्यावृत्ति में उतरने के बारे में अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद आरोपी ने उन सभी महिलाओं की हत्या करने का फैसला किया, जिन पर चंद्रकला ने दावा किया था कि वे उसे देह व्यापार में धकेलने में शामिल थीं।

**ऐसे लिया इंतकाम-** पुलिस के अनुसार, मैसुरु में, उन्होंने एक घर किराए पर लिया था। चंद्रकला की मदद से, उन्होंने अलग-अलग दिनों में अपनी परिचित दोनों महिलाओं को घर पर आमंत्रित किया। शवों को काटने से पहले उसने उनका गला घोंटा गया। इसके बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मांड्या गए और शरीर के अंगों को दो अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया।

## श्रीलंका में घुसने की फिराक में था चीनी जहाज, भारत ने लगवाई रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** श्रीलंका की सरकार ने चीनी सरकार से कहा कि वह हंबनटोटा बंदरगाह पर अपने स्पेस सैटेलाइट ट्रैकर शिप युआन वांग 5 की यात्रा को तब तक के लिए टाल दे, जब तक कि दोनों सरकारों के बीच कोई सलाह-मशविरा न हो जाए। जासूसी जहाज के लिए 11 अगस्त को चीनी लीज पर हंबनटोटा बंदरगाह पर ईंधन भरने और 17 अगस्त को वहां से निकलने की योजना तय की गई थी। हालांकि भारत ने इस जासूसी जहाज को लेकर चिंता जताई थी।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रिसर्च स्ट्रोक सर्वे पोत के रूप में नामित, युआन वांग 5 को 2007 में तैयार किया गया था और इसकी क्षमता करीब 11,000 टन है। सर्वे पोत 13 जुलाई को चीन के जियानगिन शहर से रवाना हुआ और वर्तमान में ताइवान के करीब है, जहां चीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के स्व-शासित द्वीप का दौरा करने की अनुमति देने के लिए ताइपे के खिलाफ आक्रामक मुद्रा के रूप में लाइव-फायर अभ्यास में जुटा हुआ है।

मरीन ट्रैफिक वेबसाइट के मुताबिक, यह जहाज फिलहाल दक्षिण जापान और ताइवान के उत्तर पूर्व के बीच पूर्वी चीन सागर में है। कोलंबो में स्थित राजनयिकों के अनुसार, श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय ने पिछले महीने 12 जुलाई को मंत्रालय की ओर से चीन के दूतावास को एक संदेश भेजा, जिसमें शिप युआन वांग 5 को पुन: पूर्ति उद्देश्यों के लिए हंबनटोटा के बंदरगाह में एंट्री करने की मंजूरी दी गई थी।

हालांकि भारत ने हंबनटोटा में चीनी पोत के आने को लेकर अपनी सुरक्षा चिंता जाहिर की थी। यह रिसर्च सर्वे पोत समुद्र के तल का नक्शा बना सकता है जो चीनी नौसेना के पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए बेहद अहम है।

माना जा रहा है कि श्रीलंका में चीनी राजदूत ने श्रीलंकाई सरकार के साथ अपनी बात रखी और कहा कि पोत को अनुमति देने से इनकार करने से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ेगा। जबकि रानिल विक्रमसिंघे सरकार के कैबिनेट प्रवक्ता ने पिछले दिनों 2 अगस्त को ऐलान किया की कि जहाज को ईंधन भरने की अनुमति दी जा रही है, भारतीय नौसेना ने भी कोलंबो को अपनी गंभीर सुरक्षा चिंताओं से अवगत कराया। भारत संकट के समय श्रीलंका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस द्वीपीय देश के सामने मौजूद वर्तमान आर्थिक संकट से निपटने के लिए खड़ा है और लगातार मदद कर रहा है। भारत ने पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, खाद्य पदार्थों और दवाओं के रूप में 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की मदद की है।

हालांकि अब 5 अगस्त को, श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने जासूसी जहाज को हंबनटोटा बंदरगाह पर रूकने की अनुमति देने को फैसले को स्थगित कर दिया और उचित राजनयिक चैनलों के जरिए चीनी विदेश मंत्रालय के समकक्षों को लिखित रूप से इस फैसले से अवगत करा दिया।

श्रीलंका के जासूसी जहाज की यात्रा स्थगित किए जाने के फैसले से यह बात साफ हो गई है कि चीन के दमखम और दबाव के बावजूद वह अपने पड़ोसी भारत की सुरक्षा चिंता का सम्मान करता है। श्रीलंका पर चीन का 10 प्रतिशत से अधिक विदेशी ऋण बकाया है, बीजिंग को 2017 में कोलंबो की ओर से हंबनटोटा बंदरगाह 99 साल के लिए लीज पर मिला हुआ है।

## ईडी पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सांसद संजय राउत की पत्नी से करेगा पूछताछ

**मुंबई (आरएनएस)।** शिवसेना सांसद संजय राउत इस समय हिरासत में हैं, उनकी पत्नी वर्षा राउत यहां पात्रा चॉल पुनर्विकास से जुड़े कथित धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचीं। एक विशेष पीएमएलए अदालत द्वारा इसी मामले में उनके पति को 8 अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेजे जाने के बाद गुरुवार को उन्हें समन जारी किया गया था। शनिवार को पूछताछ के दौरान ईडी द्वारा वर्षा राउत का अपने पति के साथ सामना होने की संभावना है, जिसने विशेष अदालत को सूचित किया था कि वह कुछ बैंक लेनदेन और अन्य संबंधित मुद्दों को कथित रूप से संदिग्ध सौदों से संबंधित सत्यापित करना चाहता है। वर्ष 2018 में भडक़े पात्रा चॉल मामले में जांचकर्ताओं का सामना करने वाली वर्षा राउत ईडी की जांच के दायरे में आने वाली पहली महिला होंगी। संयोग से, 29 जून को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के पतन के बाद हाल ही में पांच साल पुराने मामले की जांच ने गति पकड़ी। इस हफ्ते की शुरुआत में राउत के घर पर 31 जुलाई को छापेमारी और 1 अगस्त की तडक़े गिरफ्तारी के बाद शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने अपने परिवार के सदस्यों से उनके साथ एकजुटता व्यक्त करने का आह्वान किया था। ईडी ने इससे पहले संजय राउत से पूछताछ की थी और जब उनका नाम वर्षा के साथ एक करीबी सहयोगी प्रवीण राउत और कई अन्य आरोपियों के साथ हुआ था और उनकी कई अचल संपत्तियों को भी कुर्क किया था।

# भारतीय तेजस फाइटर के दीवाने हुए अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने मलेशिया को 18 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस बेचने की पेशकश की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस भी इसमें रुचि रखते हैं। भारत सरकार ने पिछले साल राज्य के स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को स्थानीय रूप से उत्पादित तेजस जेट्स के लिए 2023 के आसपास डिलीवरी के लिए 6 बिलियन डॉलर का अनुबंध दिया था।



हाल में मलेशिया की पहली पसंद बनने के बाद स्वदेशी तेजस युद्धक जेट विमान सुर्खियों में था। एक बार फिर यह चर्चा में है। इस भारतीय विमान का मुकाबला चीन, रूस और दक्षिण कोरिया के विकसित विमानों से था, लेकिन अपनी बेहतरीन खूबियों के कारण यह सभी देशों के विमानों पर भारी पड़ा। इन देशों के विमानों से भारत का तेजस सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ।

रक्षा विशेषज्ञ कमर अघा का कहना है कि अगर तेजस विमान की तुलना सुखोई से की जाए तो यह उससे ज्यादा हल्के हैं। ये विमान आठ से नौ टन तक बोझ लेकर उडऩे में पूरी तरह से सक्षम हैं। ये विमान उतने ही हथियार और मिसाइल लेकर उड़ सकता है, जितना इससे ज्यादा वजन वाला सुखोई विमान।

उन्होंने कहा कि इनकी सबसे बड़ी खूबी इसकी स्पीड है। हल्के होने के कारण इनकी गति बेमिसाल है। ये विमान 52 हजार फीट की ऊंचाई तक ध्वनि की गति यानी मैक 1.6 से लेकर 1.8 तक की तेजी से उड़ सकते हैं। खास बात यह है कि सुखोई विमानों का उत्पादन भी एचएएल ही करती है। उनका कहना है कि तेजस मार्क-1ए, सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से इसलिए भी महंगा है, क्योंकि इसमें कई आधुनिक उपक्रम जोड़े गए हैं। मसलन इसमें इसरायल में विकसित रडार हैं। इसके अलावा इस विमान में स्वदेश में विकसित किया हुआ रडार भी है। यह विमान काफी हल्का है और इसकी मारक क्षमता भी बेहतर है। यह बहुआयामी लड़ाकू विमान है।

तेजस में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसमें क्रिटिकल आपरेशन क्षमता के लिए एक्टिव इलेक्ट्रानिकली-स्कैन्ड रडार लगा है। यह हवा में ईंधन भर सकता है और जंग के लिए दोबारा तैयार हो सकता है। तेजस दूर से ही दुश्मन के विमानों पर निशाना साध सकता है। इतना ही नहीं यह दुश्मन के रडार को भी चकमा देने की क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब भारतीय वायु सेना के बेड़े में लड़ाकू विमानों की कमी हो रही है, इस तेजस का स्वागत होना चाहिए। तेजस विमानों की इस परियोजना की नींव वर्ष 1983 में ही रखी गई थी। तेजस ने अपनी पहली उड़ान वर्ष 2001 के जनवरी में भरी थी। इस विमान को भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन में 2016 में ही शामिल किया जा सका।

भारत के स्वदेशी तेजस युद्धक जेट विमान मलेशिया की पहली पसंद बन गए हैं। इस दक्षिणपूर्वी एशियाई देश ने अपने पुराने युद्धक विमानों की जगह अत्याधुनिक तेजस विमानों की खरीद पर भारत से बातचीत शुरू कर दी है।